● **पढ़ो और गाओ :**

# २. पुकार

–जयशंकर प्रसाद

**जन्म :** ३० जनवरी १८८९ **मृत्यु :** १५ नवंबर १९३७ **रचनाएँ :** 'कामायनी' 'स्कंदगुप्त' 'तितली और कंकाल' आदि आपकी प्रसिद्‌ध रचनाएँ हैं । झरना, आँसू, लहर आदि आपकी काव्य कृतियाँ हैं । **परिचय :** हिंदी के प्रसिद्‌ध लेखक । आपने कविता, नाटक और कहानी आदि विधाओं में सफलतापूर्वक लेखन किया है । इस कविता में सृष्टि के निर्माता की महानता एवं गुणों का वर्णन किया है ।




**स्वयं अध्ययन**

उगते सूरज का प्राकृतिक दृश्य दर्शाने वाला चित्र बनाकर रंग भरो और वर्णन करो।



विमल इंदु की विशाल किरणें
प्रकाश तेरा बता रही हैं ।
अनादि तेरी अनंत माया
जगत को लीला दिखा रही है ॥



प्रसार तेरी दया का कितना
ये देखना हो तो देखें सागर ।
तेरी प्रशंसा का गीत प्यारे
तरंग मालाएँ गा रही हैं ॥


❑ कक्षा में विद्‌यार्थियों को हाव-भाव सहित कविता गाकर सुनाएँ और दोहरवाएँ । कविता की एकल, समूह में सस्वर प्रस्तुति कराएँ । कविता में आए भावों पर प्रश्नोत्तर के माध्यम से चर्चा करें तथा नए शब्दों के अर्थ बताएँ ।



## जरा सोचो तो .... चर्चा करो

यदि शांत, हास्य 'रस' नहीं होते तो......

तुम्हारा स्मित हो जिसे निरखना
वो देख सकता है चंद्रिका को ।
तुम्हारे हँसने की धुन में नदियाँ
निनाद करती ही जा रही हैं ॥



जो तेरी होवे दया, दयानिधि
तो पूर्ण होता ही है मनोरथ ।
सभी ये कहते पुकार करके
यही तो आशा दिला रही है ॥



## मैंने समझा



---------------------------------------------------------------------------
---------------------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**

अनादि = जिसका आदि न हो, सदा से
अनंत = जिसका कोई अंत न हो
निरखना = देखना
चंद्रिका = चाँदनी
निनाद = आवाज
दयानिधि = दया के सागर
मनोरथ = मन की इच्छा

## सदैव ध्यान में रखो



जीवन में सदैव आशावादी तथा कृतिशील रहना चाहिए ।



## विचार मंथन




।। वसुधैव कुटुंबकम् ।।

❑ बताने, दिखाने, गाने, लिखने आदि कृतियों का मूक अभिनय कराएँ । अभिनय की इन क्रियाओं का विद्यार्थियों को उनके अपने वाक्यों में प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें । विद्यार्थियों को इन कृतियों के आधार पर छोटे-छोटे वाक्यों की रचना करके बताने के लिए कहें ।



## खोजबीन

सागर में मिलने वाले जीव-जंतु तथा वनस्पतियों के नामों की सूची बनाओ ।



## सुनो तो जरा

कोई नई प्रार्थना सुनो और दोहराओ ।



## बताओ तो सही

'शालेय स्वच्छता अभियान' में तुम्हारा सहयोग क्या है ?



## वाचन जगत से

कवि दिनकर जी की कोई कविता पढ़ो और सुनाओ।



## मेरी कलम से

किसी अन्य कविता की चार पंक्तियों का सरल अर्थ लिखो ।

## * रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :

१. विमल इंदु की .......... किरणें

२. तेरी ..........का गीत प्यारे

३. वो देख सकता है .......... को ।

४. तो पूर्ण होता ही है .......... ।



## भाषा की ओर

बिंदुओं में क्रमश: पूरी वर्णमाला लिखकर जोड़ो और क्रम से बोलो ।

